# बचपन डे केयर सेंटर में दिव्यांग बच्चों को मिल रहा घर जैसा माहौल

- श्रवण बाधित, दृष्टिबाधित और मानसिक मंदित बच्चों को पूरे समर्पण से दिया जा रहा प्रशिक्षण
- 03 से 07 वर्ष के विशेष बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में जुटी योगी सरकार
- 18 मंडल मुख्यालय पर विशेष बच्चों के लिए संचालित किए जा रहे बचपन डे केयर सेंटर





**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** सुनने और बोलने में असमर्थ पांच वर्षीय युवांश हो या छः साल के यश, बचपन डे केयर सेंटर में सुबह आठ बजे शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए आते है तो फिर घर नहीं जाना चाहते। हम उम्र विशेष बच्चों के बीच शिक्षकों के दुलार- प्यार, देखभाल और बेहतर खानपान का जादू ऐसा कि घर लौटने का समय होता है तो ये मायूस हो जाते हैं। इन विशेष बच्चों से शिक्षकों को भी गहरा लगाव है। उनके घर जाने का समय होता है तो उन्हें भी कुछ बिछड़ता में महसूस होता है। योगी सरकार द्वारा संचालित बचपन डे केयर सेंटर में दिव्यांग बच्चों को घर जैसा माहौल, माता-पिता जैसा दुलार और देखभाल से चहक रहे है ये स्पेशल बच्चे। साज सज्जा और संसाधन में किसी भी निजी विद्यालय को मात देने वाले बचपन डे केयर सेंटर का संचालन उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया जाता है। उत्तर प्रदेश में 18 बचपन डे केयर सेंटर हैं। प्रत्येक मंडल में एक केंद्र स्थापित किया गया है। जनपद आगरा में विजय नगर कॉलोनी स्थित बचपन डे केयर सेंटर योगी सरकार की मंशा के अनुरूप दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में सफल हो रहा है। समन्वयक दिलीप कुमार शिक्षकों के साथ पूरे मन के साथ 30 बच्चों की शिक्षा और देखरेख में जुटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को यूनिफॉर्म, पुस्तकें, स्कूल बैग, भोजन आदि सरकार की तरफ से निःशुल्क मिलता है। घर से लाने और पहुंचाने के लिए भी गाड़ियां है। बचपन डे केयर सेंटर में तीन से सात साल के श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, मानसिक मंदित प्रभावित बच्चे हैं। सेंटर में तैनात सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से अपने दायित्वों को निभा रहे हैं। सभी कक्षाएं खूबसूरती से सजाए गए है ताकि बच्चों का मन लगा रहे। शिक्षकों ने खुद बच्चों को लुभाने वाले चित्र बनाकर दीवारों पर लगाए हैं। वहीं दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों को ब्रेल लिपि से पढ़ने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सोमवार को शिक्षक शशांक पाठक मानसिक मंदित बच्चों को सरल ढंग से पढ़ाने में जुटे मिले। दूसरे कक्ष में स्पेशल एजुकेटर शशि भान सिंह श्रवण बाधित बच्चों को पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण दे रहे थे। उन्होंने बताया कि यह बच्चे सुन नही पाते हैं, पर इशारों से सब समझ लेते हैं। शिक्षिका रंजू सिंह ने कहा कि सुबह सेंटर आने के बाद जाने तक इन बच्चों के अलावा और कुछ ख्याल नहीं रहता। लंच के वक्त बच्चों को कक्ष से बाहर हॉल में स्टूल और बेंच पर बैठाकर पौष्टिक खाना खिलाया जाता है। शिक्षक बच्चों को खाने में मदद करते है। उन्होंने कहा कि इन विशेष बच्चों को सेंटर पर घर जैसा माहौल और मां जैसा दुलार दिया जाता है। जिससे यह बच्चे यहां आने के बाद अपने घर जाना नही चाहते। किसी तरह उन्हें समझा बुझाकर सेंटर की गाड़ियों में रवाना किया जाता है। योगी सरकार का इन विशेष बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है।

# 15 अप्रैल से 31 मई 2025 तक संचालित होगा भूसा दान अभियान : भूसा दानदाताओं का किया जायेगा सम्मान

**कृषकों/समाजसेवियों/स्वयंसेवी संस्थाओं/व्यापार मण्डल एवं पशु प्रेमियों तथा व्यापार मण्डल उद्यमी भी कर सकते हैं भूसा दान, जनपद में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल के लिये दान एवं क्रय के माध्यम से भूसा संग्रह कर बनाया जायेगा भूसा बैंक, गौ-आश्रय स्थलों पर ही भूसा बैंक बनाकर किया जायेगा भूसा संग्रहण, ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में बनाई जायेगी समिति, जो ग्राम सभा में भ्रमण कर भूसा दान हेतु जनसामान्य को करेगी प्रेरित।**

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** जिलाधिकारी महोदय श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी ने अवगत कराया है कि जनपद में प्रस्तावित दान एवं क्रय द्वारा भूसा संग्रहण अभियान (दिनांक 15.04.2025 से 31.05.2025 तक) जनपद आगरा हेतु वर्ष पर्यन्त भूसे की आवश्यकता लगभग 195946.60 कुन्तल का ऑकलन करते हुये उक्त अभियान के दौरान भूसा संग्रहण का लक्ष्य 117567.96 कुन्तल (दान के माध्यम से 35270.39 कुन्तल एवं क्रय के माध्यम से 82297.57 कुन्तल) निर्धारित किया गया है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु अधिकाधिक मात्रा में भूसा दान के माध्यम से संग्रहीत कर भूसा बैंक बनाते हुये वर्ष पर्यन्त भूसे की निर्वाध रूप से उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसमें जनपद में कृषकों/समाजसेवियों/स्वयंसेवी संस्थाओं/व्यापार मण्डल एवं पशु प्रेमियों आदि से अधिकाधिक मात्रा में दान के माध्यम से भूसा प्राप्त कर भण्डारण किया जायेगा। स्थानीय स्तर पर व्यापार मण्डल उद्यमियों एवं समाज सेवियों से भी सम्पर्क कर उन्हें गोवंश के लिये भूसादान हेतु प्रेरित करने तथा गो-आश्रय स्थलों पर भूसा बैंक बनाकर भूसा संग्रहण किया जायेगा। बड़े दानदाताओं से भूसा दान प्राप्त करने हेतु उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी स्वयं किसानों से सम्पर्क कर भूसा दान में प्राप्त करेंगे और इस हेतु दानदाताओं को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने आगे यह भी बताया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एक समिति बनाई जायेगी, जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल एवं अन्य सम्बन्धित कार्मिक सम्मिलित होकर समिति द्वारा ट्रैक्टर अथवा अन्य माल वाहक वाहन के साथ ग्राम सभा में भ्रमण कर भूसा दान में प्राप्त कर संग्रहीत करते हुये अधिकाधिक दान देने हेतु जनसामान्य को प्रेरित भी किया जायेगा। इस हेतु सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को क्षेत्र का प्रभारी अधिकारी नामित किया जायेगा, यह अभियान दिनांक 15 अप्रैल से 31 मई 2025 तक चलाया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने आगे यह भी अवगत कराया है कि पंचायत स्तर पर ही भूसे का संग्रहण किया जायेगा, इससे जहाँ एक ओर सस्ती दरों पर भूसा प्राप्त हो सकेगा, वही दूसरी ओर परिवहन व्यय भी बचेगा। इस हेतु एसं0एफ0सी0 पूलिंग तथा उ0प्र0 गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष में उपलब्ध धनराशि का भी उपयोग किया जायेगा। भूसे के संग्रहण हेतु गो आश्रय स्थल पर ही स्थानीय प्रचलित विधियों यथा खरही, खोप, भक्कू आदि बनाकर दीर्घकालिक आवश्यकता के अनुरूप भूसा संग्राहित कर भूसा बैंक स्थापित किया जायेगा। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि गेहूँ कटाई के दौरान भूसे की सुलभ उपलब्धता के दृष्टिगत दान एवं क्रय के माध्यम से भूसा बैंक स्थापित कर गौशालाओं हेतु भूसा भण्डारण सुनिश्चित किये जाने शासनादेशानुसार जेम पोर्टल पर उपलब्धता न होने की अपरिहार्य दशा में ई टेण्डर के माध्यम से दर अनुबन्ध कर भूसे का क्रय किया जायेगा।

# आगरा मंडल ने 98.82 समयपालनता का बनाया नया रिकॉर्ड

**समयपालनता की बढ़ती दर में तकनीक के उच्चीकरण भी मददगार रहा**



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्ग दर्शन में आगरा रेल मंडल यात्री सुविधा और सुरक्षा के साथ ही समयपालनता के लिए भी प्रतिबद्ध है। दिनांक 27.04.2025 को समय पालन का प्रदर्शन 98.82त्न रहा, जो दिनांक 19.04.2025 को दर्ज किए गए 97.78त्न समय पालन प्रदर्शन से अधिक है। यह समय पालन प्रदर्शन का उच्चतम स्तर है। यह रिकॉर्ड कड़ी मेहनत और सभी के समन्वय से हासिल किया है। रेलगाड़ी का संचालन समयानुसार करने के लिए मंडल के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा निरंतर श्रम किया जा रहा है। समयपालनता की बढ़ती दर में तकनीक के उच्चीकरण भी मददगार रहा है। अधिकतर स्थानों पर ऑटोमैटिक ब्लाक सिग्नलिंग से समयपालनता में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही ट्रैक मेंटेनेंस और अपग्रेडेशन से भी समयपालनता पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा की रेल के संचालन के लिए समयपालनता अति आवश्यक है। रेल अगर समय से चलेगी तो यात्रियों की सुविधा के साथ ही कर्मचारियों के लिए भी कार्य आसान होगा। रेल के समय से चलने के कारण अतिरिक्त खर्च में भी कमी आती है । मंडल के कर्मचारियों द्वारा अथक प्रयास करके समयपालनता के नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। भविष्य में भी यह प्रयास जारी रहेंगे।

# प्रदेश विधान परिषद की ''प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति'' 29 अप्रैल को करेगी अलीगढ़, एटा व हाथरस की समीक्षा

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ''प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति'' 28 अप्रैल को अलीगढ़ आकर रात्रि विश्राम करेगी। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मा0 समिति द्वारा 29 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में अलीगढ़, एटा व हाथरस के अधिकारियों के साथ विद्युत व्यवस्था संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अद्यतन प्रगति रिपोर्ट एवं समस्त सूचनाओं सहित निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# आतंकवाद का अंत ही सच्ची श्रद्धांजलि: सेवा भाव समिति




**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को आतंकवादियों द्वारा मारे जाने पर देशभर में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। सेवा भाव समिति आगरा के सदस्यों ने भी ईंट की मंडी चौराहे से सेंटर पार्क आवास विकास तक कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, पर्यटकों के हत्यारों को न्याय मिले, आतंकवादियों को नेस्तनाबूत करे मोदी सरकार आदि नारे लगाए गए। सेंटर पार्क पर पहुंचकर दो मिनट मौन रखकर आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समिति अध्यक्ष सुमित कुमार ने कहा कि इस कायरनामा हरकत करने वालों को और आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देश द्रोहियों को सरकार से ढूंढ कर करारा जवाब देने की मांग की। इस अवसर पर सेवा भाव समिति आगरा (रजि0) के संरक्षक सतीश प्रजापति, बच्चू प्रजापति, बेनीराम प्रजापति , डॉ भगवानदास दक्ष, मार्गदर्शक सोमदेव सारस्वत, अध्यक्ष सुमित प्रजापति, सचिव अनुज कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार, उपाध्यक्ष डॉ घनश्याम सिंह, महामंत्री डॉक्टर शिव कुमार गोला, डॉ सुनील राजपूत, संगठन मंडल मंत्री विजयपाल नरवार, प्रवक्ता विशाल कुमार प्रजापति, पवन सिंह फौजदार, उपसचिव अजय कुमार, संगठन मंत्री सोनू कुशवाह, साहिल ठाकुर, प्रतीक दुबे, प्रतीक प्रजापति, हेमंत ठाकुर, ललितेश गोला, जितेंद्र सिंह दिवाकर, उदय प्रजापति, जग्गी प्रजापति, दीपक गोला, सूरज कुशवाह, अर्जुन सिंह, देवकीनंदन, मीडिया प्रभारी शुभम प्रजापति आदि शामिल रहे।

# जिहादियों का आर्थिक बहिष्कार, हिंदुओं को रोजगार के संदेश को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान




**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** राष्टीय बजरंग दल द्वारा भगवान टॉकीज चौराहा पर हस्ताक्षर अभियान चलाया , जिसमें जेहादियों का आर्थिक बहिष्कार और हिंदुओं को रोजगार देने की बात कही गई साथ ही कश्मीर पर्यटन बंद करने और सभी अपने काम हिंदुओं से ही कराए जाने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और भारत सरकार से पाकिस्तान को विश्व के मानचित्र से मिटाने की अपील की गई। बजरंगदल के प्रदेश अध्यक्ष रौनक ठाकुर ने बताया कि प्रतिदिन दिन देखने को मिलता है कि भारत के अंदर जिस तरह से हिंदुओं को टारगेट कर के जिहादी इस्लामिक आतंकवादी हमला कर रहे हैं, कहीं ना कहीं इन्हें संरक्षण देने वाले इस्लाम को मानने वाले जिहादी ही है और जिस तरह पहलगाम मे हिन्दू पर्यटकों से धर्म पूछ कर गोली मारी गई इसलिए हम भी कोई भी सामान लेंगे तो धर्म पूछ कर लेंगे, जिससे कि हमारा पैसा कभी भी देश विरोधी गतिविधियों में आतंकवादियों को संरक्षण देने के काम नहीं लग सके। साथ ही बजरंगदल के रौनक ठाकुर ने यही अपील आगरा शहर के लोगों से की है।

**आगरा मैं बजरंगदल 7 दिन चलेगा हस्ताक्षर अभियान**

आगरा शहर मैं लगातार 7 दिन हस्ताक्षर अभियान चलेहा जिसमें बजरंगदल के प्रदेश अध्यक्ष रौनक ठाकुर और बजरंग दल कार्यकर्ता प्रत्येक मार्केट के अध्यक्ष सचिव से मिलकर वहां अपील करेंगे कि अपनी दुकान पर किसी भी जिहादी को काम पर नहीं रखें और इन की जिहादीयों को अपनी दुकान से हटाएं और हिंदुओं को रोजगार दें। हस्ताक्षर अभियान मे मुख्य रूप से योगेश निगम महानगर अध्यक्ष, कुलदीप कुमार, सुनील प्रजापति, राहुल कुशवाह, दीपक जयसवाल, नरेश माहौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ खेरागढ़ पुलिस का अभियान



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** जनपद सहायक पुलिस आयुक्त खेरागढ़ इमरान अहमद के निर्देशन में, खेरागढ़ पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने 25 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनके खिलाफ धारा 292 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने उन्हें भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर शराब न पीने की शपथ भी दिलाई। पुलिस के अनुसार, उन्हें स्थानीय नागरिकों से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग शराब की दुकानों के आसपास, सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए, खेरागढ़ पुलिस ने यह अभियान शुरू किया। थाना प्रभारी खेरागढ़ इंद्रजीत सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान विशेष रूप से शराब की दुकानों के आसपास के क्षेत्रों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चलाया गया था। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य खुले में शराब पीने वालों को एक सख्त संदेश देना और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना है। यह अभियान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की समस्या से निपटने और नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेरागढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वे भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रखेंगे और सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

# ग्वालियर हाइवे की खस्ता हालत पर ग्रामीणों का विरोध : पांच दिनों से धरना जारी

**अधिकारियों की सुध-बुध के लिए किया हवन**





**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** आगरा के नगला माकरौल इटौरा में ग्वालियर हाइवे की दयनीय स्थिति के विरोध में ग्रामीणों का धरना आज पांचवें दिन भी जारी रहा। सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ हवन यज्ञ का आयोजन किया। नगला माकरौल में पिछले पांच वर्षों से एक किलोमीटर लंबे हाइवे खंड पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। पानी के कारण सड़क की डामर परत क्षतिग्रस्त हो गई है और गिट्टियां बाहर निकल आई हैं। मार्ग पर 50 से अधिक गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें वाहन फंसने से सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं। कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रामनाथ सिंह सिकरवार के नेतृत्व में ग्रामीण लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पहले दिन गंदे पानी में पांच घंटे बैठकर विरोध जताया। दूसरे दिन ढोल बजाकर प्रदर्शन किया। तीसरे दिन एक रुपए का सहयोग मांगने के लिए दान पात्र लेकर निकले। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर सोमवार को महिलाओं ने राम भजन गाए और हवन यज्ञ में भाग लिया। कार्यक्रम में धर्मवीर शर्मा, गीता देवी, शीला देवी, अंशु, पुष्पा, देवेंद्र सिंह, गजेंद्र फौजी समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। रोहता नहर से ककुआ बाद गांव तक सर्विस रोड पर अतिक्रमण की समस्या भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# 30 जून से पहले साफ होंगे आगरा के 410 नाले: नगर निगम ने शुरू किया विशेष अभियान

**बारिश में जलभराव से मिलेगी निजात**

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** नगर निगम ने बारिश से पहले नाला सफाई अभियान छेड़ दिया गया है। 30 जून तक नगर निगम सीमा के सभी 410 छोटे बड़े नालों को साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे कि मानसून के दौरान लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। नगर निगम के दावे के अनुसार, 410 में से 96 नाले साफ हो चुके हैं। सहायक नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि नालों से निकलने वाली सिल्ट को उठाने के लिए भी बराबर अभियान चलाया जा रहा है, जिससे कि आम नागरिकों को दिक्कत न हो। शहर के चारों जोन में 3,34,450 मीटर लंबे नालों में से अभी 72,214 मीटर की सफाई कराई जा चुकी है।

**जोन वाइज नाला सफाई अभियान की स्थिति**

**हरिपर्वत जोन**

11 मझोले नालों की सफाई का काम पूरा हो चुका है
* 12 छोटे नालों की सफाई का काम पूरा हो चुका है *
5 छोटे की सफाई का काम शुरू हो चुका है
1 बड़े नाले की सफाई का काम चल रहा है

**लोहामंडी जोन**

14 मझोले नालो की सफाई का काम पूरा हो चुका है
10 छोटे नालों की सफाई का काम पूरा हो चुका है
3 बड़े नालों की सफाई का काम चल रहा है
7 मझोले नालों की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है
5 छोटे नालों की सफाई शुरू हो चुकी है।

**छत्ता जोन**

1 बड़े नाले की सफाई हो चुकी है
16 मझोले नाले की सफाई हो चुकी है
11 छोटे नालों का काम पूरा हो चुका है
बड़े नालों की सफाई का काम चल रहा है
8 मझोले नालों की सफाई चल रही है
5 छोटे नालों की सफाई का काम प्रगति पर है

**ताजगंज जोन**

1 बड़े नालों की सफाई का काम प्रगति पर है
7 मझोले नालों की सफाई का काम चल रहा है
6 छोटे नालों की सफाई का काम प्रगति पर है
12 मझोले नालों की सफाई का काम पूरा हो गया *
9 छोटे नालों की सफाई का काम पूरा हो चुका है

**नालों की 50 पुलियों की सफाई का काम भी पूरा**

सहायक नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया चारों जोन में स्थित नालों की 50 पुलियों की सफाई का काम भी पूरा कराया जा चुका है। छत्ता जोन में काजी पाड़ा नाले की पुलिया, डलियावाला पुल नाला मंटोला की पुलिया, अमर सिंह गेट रामलीला मैदान पुलिया, बिजलीघर बस स्टैंड पुलिया, हनुमान मंदिर के पास, छलेसर से नेशनल हाईवे के नीचे पुलिया की सफाई कराई जा चुकी है। विकास नगर के सामने 100 फीट पुलिया, बेलनगंज चौराहे पर अंडर ग्राउंड नाले के मेनहोल, जमुना किनारे मस्जिद के पास छत्ता गली पुलिया और फ्रीगंज रेलवे पुल के पास व चेन कुप्पी वाला रोड अंबेडकर पार्क के पास की पुलिया की सफाई कराई जा चुकी है। इसी प्रकार से लोहामंडी जोन में 17, ताजगंज और हरिपर्वत जोन में 11 11 पुलियों की सफाई का काम पूरा हो चुका है।

# गुजरात से बिहार जा रही 350 केजी थर्माकोल पकड़ी: आगरा नगर निगम ने की कार्रवाई

**पर्यावरण के लिए हानिकारक है प्रतिबंधित थर्माकोल**






**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण के तहत एक और बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम ने गुजरात से बिहार जा रहे एक ट्रक से 350 किलों थर्माकोल (पालीस्टाइरीन) जब्त किया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्लास्टिक और थर्माकोल पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के तहत की गई। नगर निगम को एक संदिग्ध ट्रक के बारे में सूचना मिली थी, जो गुजरात से बिहार जा रहा था। जांच में पाया गया कि ट्रक में प्रतिबंधित थर्माकोल भरा हुआ है, जिसका उपयोग होटल्स और ढाबों में डिस्पोजेबल प्लेट गिलास बनाने के लिए किया जाना था। एक दिन पहले भी नगर निगम ने 6 टन सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त किया था।

**1.75 लाख रुपये का वसूला जुर्माना**

दोनों मामलों में कुल 1.75 लाख का जुर्माना ट्रक मालिक से लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पशु कल्याण अधिकारी डा. अजय सिंह ने बताया की थर्माकोल की कचरे से पर्यावरण को खतरा उत्पन्न हो रहा है और प्लास्टिक और पॉलीथिन गाय की मृत्यु का कारण बन रही हैं। प्रतिबंधित पॉलिथीन नालों में जाने से नालों का प्रभाव अवरुध हो रहा है, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है।

**प्रदेश सरकार ने लगाया हुआ है प्रतिबंध**

उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा कचरा (विनियमन) अधिनियम, 2000 के तहत प्लास्टिक/थर्माकोल के कप, प्लेट, गिलास, चम्मच आदि का उपयोग, बिक्री या परिवहन प्रतिबंधित है।

**इनका कहना हैं।**

यह ट्रक प्रतिबंधित थर्माकोल ले जा रहा था, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसे जब्त कर 1.75 लाख रुपये का जुमना लगाया है।

**अंकित खंडेलवाल, नगर आयुक्त**

# आगरा से 9 पाकिस्तानी नागरिक वापस भेजे गए

**आगरा।** आगरा से 9 पाकिस्तानी नागरिक वापस भेजे गए, अभी 43 पाकिस्तानी नागरिक लॉग टर्म वीजा पर आगरा में हैं। इनका सत्यापन कराया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को देश भर से वापस पाकिस्तान भेजा जा रहा है। आगरा के ताजगंज में अपनी ससुराल में पत्नी के साथ आया युवक पहले ही दिन एलआईयू कार्यालय हरीपर्वत पहुंच गया और पत्नी को साथ लेकर वापस पाकिस्तान चला गया। इसके बाद आठ और पाकिस्तानी नागरिक जो विजिटर वीजा पर भारत आए थे वे पाकिस्तान लौट गए हैं।अभी आगरा में 43 पाकिस्तानी नागरिक हैं ये लॉग टर्म वीजा पर हैं। इसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं अधिकांश ऐसे महिला पुरुष हैं जिन्होंने आगरा के महिला पुरुष से शादी की है और वर्षों से आगरा में रह रहे हैं। हर साल अपने वीजा का नवीनीकरण करा लेते हैं और भारतीय नागरिकता के लिए भी आवेदन किया है। इनमें से कई के बच्चे भी आगरा में हुए हैं उनके पास आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज हैं। इन सभी का पुलिस ने सत्यापन कर लिया है, लॉग टर्म वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

